**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**18.10.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा– नए जी.एस.टी. सुधारों से देश की अर्थव्यवस्था को मिला बढ़ावा।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर पार्टी में मंथन जारी– जल्द होगी नियुक्ति।
- राज्य सरकार ने पथ परिवहन निगम के सभी पैंशनरों को किया देय बकाया राशि का भुगतान।
- आदि कर्मयोगी अभियान के तहत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर किन्नौर ज़िले को मिला राष्ट्रीय सम्मान।

**अब समाचार विस्तार से...........**

**जीएसटी–पीसी**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि नए जी.एस.टी. सुधारों ने देश की अर्थव्यवस्था को बड़ा बढ़ावा दिया है। इसी कारण त्योहारी सीज़न के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और उपभोक्ता वस्तुओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों में रिकॉर्ड बिक्री हुई है। नई दिल्ली में आज एक पत्रकार वार्ता में वित्त मंत्री ने कहा कि जी.एस.टी. दरों में कटौती का लाभ आम आदमी तक पहुँच रहा है। पत्रकार वार्ता में सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस वर्ष नवरात्रि उत्सव में रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि नए जी.एस.टी. सुधारों से इस वर्ष खपत में 10 फीसदी बढ़ोतरी का अनुमान है और 20 लाख करोड़ रूपए की अतिरिक्त खपत होगी।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि इस महीने के अंत तक या नवम्बर के पहले सप्ताह में नए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी जाएगी। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया की अफवाहों पर विश्वास नहीं करना चाहिए और अध्यक्ष पद को लेकर पार्टी में मंथन जारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के पैंशनरों को पहली अप्रैल से 15 अक्तूबर तक के लंबित डी.ए. का भुगतान दीपावली से पहले कर दिया जाएगा। इसके अलावा राज्य परिवहन निगम के पैंशनरों के लिए भी 10 करोड़ रूपए की अतिरिक्त राशि जारी कर दी गई है।

सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि आपदा प्रभावित परिवारों को घर निर्माण के लिए 7 लाख रूपए और आवश्यक वस्तुओं की खरीद के लिए 70 हज़ार रूपए की सहायता प्रदान की जाएगी।

**अग्निहोत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश पथ परिवहन निगम के सभी पैंशनरों को बकाया राशि का भुगतान कर दिया गया है और इनके बैंक खातों में दिवाली से पहले 75 करोड़ 47 लाख रूपए की राशि डाल दी गई है। ऊना में आज पत्रकारों से बातचीत में अग्निहोत्री ने बताया कि 75 वर्ष से अधिक आयु के 6 सौ 47 पैंशनरों को 23 करोड़ रूपए का एरियर जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को भी सितम्बर माह तक की पैंशन का आज ही भुगतान कर दिया गया है।

## धनतेरस उत्सव

देश सहित प्रदेशभर में आज धनतेरस का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। धनतेरस के साथ ही दीपावली के उत्सवों की शुरुआत हो जाती है, जिसमें नरक चतुर्दशी, दिवाली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज शामिल हैं। धनतेरस को धन त्रयोदशी और धनवंतरी जयंती के नाम से भी जाना जाता है। सोलन के आयुर्वेद अस्पताल में आज भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना की गई। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर निशा ने बताया कि भगवान धनवंतरी को आयुर्वेद का रचयिता माना जाता है।

## दीपावली

इस बीच दीपावली को लेकर प्रदेश के बाज़ारों में इन दिनों खूब रौनक देखने को मिल रही है और लोग मिठाईयों, उपहारों और अन्य वस्तुओं की जमकर खरीददारी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये त्योहार हर घर में खुशियां, उमंग और समृद्धि लेकर आएगा।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार ने अपने 3 वर्ष का कार्यकाल पूर्व भाजपा सरकार की आलोचना करने में ही बिता दिया है और विकास के नाम पर कुछ नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने 34 महीने के कार्यकाल में लगभग 40 हज़ार करोड़ रूपए का कर्ज ले लिया है और ये आंकड़ा हर तिमाही में बढ़ता जा रहा है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ कर्मचारी व पैंशनर प्रतिदिन प्रदर्शन कर रहे हैं।

## विधिक साक्षरता

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश व राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुर्यकांत ने आज मण्डी में एक विशाल विधिक साक्षरता शिविर का शुभारम्भ किया। प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया व अन्य न्यायाधीश भी इस मौके पर मौजूद रहे। ये शिविर नशामुक्त समाज–भारत का संकल्प और आपदा पीड़ित पुनर्वास विषयों पर केन्द्रित रहा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण के स्वयंसेवक प्रभावित लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

## जीएसटी लाभार्थी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जी.एस.टी. बचत उत्सव का समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। प्रदेश के विभिन्न वर्गों के लोगों ने अगली पीढ़ी के लिए जी.एस.टी. सुधारों को फायदेमंद बताया है। चंबा में लोगों ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि जी.एस.टी कम होने से गाड़ियों सहित अन्य वस्तुओं के दाम काफी कम हो गए हैं।

## कर्मयोगी अभियान

जनजातीय ज़िले किन्नौर को आदि कर्मयोगी अभियान के तहत देश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले ज़िलों की श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में ये सम्मान प्रदान किया। उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने बताया कि ज़िले को ये राष्ट्रीय सम्मान मिलना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि ज़िले में आदिवासी कल्याण, सशक्तिकरण और समावेशी विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया गया है।

## रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की साक्षरता दर 99 दशमलव तीन शून्य फीसदी हो गई है जो अन्य पड़ोसी राज्यों से कहीं अधिक है। उन्होंने आज रोहड़ू में राजा वीरभद्र सिंह राजकीय महाविद्यालय सीमा में मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। रोहित ठाकुर ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में उच्च शिक्षा विभाग में सहायक प्रोफैसर के 5 सौ 87 पद जबकि कॉलेज कैडर के एक सौ 18 प्राचार्यों के पद सीधी भर्ती व पदोन्नति द्वारा भरे

गए हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से सहायक प्रोफैसर के लगभग 5 सौ पद जल्द भरे जाएंगे।

## <u>मुख्य समाचार एक बार फिर</u>

- केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा– नए जी.एस.टी. सुधारों से देश की अर्थव्यवस्था को मिला बढ़ावा।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर पार्टी में मंथन जारी– जल्द होगी नियुक्ति।
- राज्य सरकार ने पथ परिवहन निगम के सभी पैंशनरों को किया देय बकाया राशि का भुगतान।
- आदि कर्मयोगी अभियान के तहत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर किन्नौर ज़िले को मिला राष्ट्रीय सम्मान।